तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

4

जंगल में मौजूद 72 हाथियों के दल ने चौपट की दो दर्जन किसानों की फसल





CRASH COURSE
NEET / IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
NURSING PHARMACY
ICAR CUET PET PAT PPT NDA
1st BATCH - 23-03-2024
2nd BATCH - 27-03-2024
THE BEST COACHING INSTITUTE FOR JEE / NEET IN KORBA



DROPPER BATCH
NEET / IIT-JEE
CLASSES START 13th MAY
SCHOOL + COACHING
6th 7th 8th 9th 10th 11th 12th with NEET/IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
विशेष : 1. कक्षाएँ 01 अप्रैल से आरंभ
2. कमजोर विद्यार्थियों के लिए पृथक बैच
3. साप्ताहिक टेस्ट
4. प्रतिदिन डाउट क्लीयरिंग क्लासेस
5. नोट्स / मासिक टेस्ट सीरिज
IQRA CLASSES, (A UNIT OF PCM CLASSES) NEAR NIHARIKA TALKIES, KORBA 8962373124,7000684821,9827109471

## खबर संक्षेप

### नाबालिग बाइक चालक की सड़क दुर्घटना में मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में नाबालिग बाईक सवार की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। नाबालिग अपने तीन दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल में फर्राटे भर रहा था, जिसमें बाईक बेकाबू केशला चौक में संकेत बोर्ड से टकरा गई, जिसमें नाबालिग बालक की मृत्यु हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से चोटिल है। जानकारी को मुताबिक हेमंत चौहान पिता अशोक चौहान उम्र 14 वर्ष ग्राम रूडुकेला थाना लैलूंगा का रहने वाला हैं। बालक कक्षा वीं का छात्र है। होली के दूसरे दिन हेमंत अपने दो अन्य गांव के दोस्तों के साथ अपने मोटरसाइकिल में घूमने के लिए निकला था। इस बीच गांव से रुडेकेला की ओर आ रहे थे। मोटरसाइकिल की गति भी काफी तेज थीए जिसके चलते बाइक चला रहे अनियंत्रित रफ्तार से चल रहा थाए तभी मोटरसाइकिल केशला चौक में पहुंचते ही सड़क किनारे संकेत बोर्ड से वह टकरा गया। जिससे बाइक सवार तीनों युवक दूर छिटक गए, जिसमें हेमंत के सिर हाथ पैर में गंभीर चोट आने पर वह लहूलुहान होकर सडक़ में पड़ा था। राहगीरों ने दुर्घटना को देखकर डायल 112 को सूचित किए। ततपश्चात पुलिस टीम मौके पर आई और तीनों घायलों को उपचार के लिए लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान दोपहर साढ़े तीन बजे हेमंत की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दोनों चोटिल युवकों का उपचार चल रहा हैं।

### ट्रेलर चालक को दूसरे वाहन ने मारी टककर, मौत

**रायगढ।** हिमगिर के एमएसपीएल प्लांट में माल खाली करने आए ट्रेलर चालक ने गाड़ी को पार्किंग में खड़ी कर साथी वाहन चालकों के बुलाए जाने पर चाय पीने रोड पार करने के दौरान एक ट्रेलर की ठोकर से मौत होने का मामला सामने आया है। हादसे में मौत के बाद जिला अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक मन्नू चौधरी पिता स्व ननक उम्र 47 साल ग्राम शिवपुर चितौली सासाराम जिला रोहताश का रहने वाला है। वर्तमान में गोवर्धनपुर में मौजूद बन्टी के अधीन कंपनी में ट्रेलर चलाता था। 26 मार्च की सुबह वह ओड़िसा राज्य केहिमगिर थाना क्षेत्र के जबगा एमएसपीएल प्लांट माल खाली करने आया था। जहां वाहन को पार्किंग में खड़ा किया था। इस बीच सुबह का समय होने पर उसके साथियों ने उसे चाय पीने के लिए बुलाए तो वह रोड पार कर जा रहा थाए उक्त मार्ग में तभी सामने से आ रही एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एलए 9077 ने ठोकर मार दिया। इससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। घटना को देखकर मौके पर अन्य लोग आए और कुछ लोग ट्रेलर को दौडऩे लगे तब वाहन चालक ट्रेलर वाहन को छोड़कर मौके से भाग खड़ा हुआ। घायल को जिला अस्पताल लेकर आए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अवकाश दिवस पर भी खुलेगा पंजीयन कार्यालय

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य मुद्रांक एवं पंजीयन आय शासन को अधिक से अधिक राजस्व प्रदाय करने के उद्देश्य से 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्य करने हेतु निर्देश दिए है। इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में दिनांक 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश है।

### ड्रोन कैमरे से हो रही निगरानी

# जंगल में मौजूद 72 हाथियों के दल ने चौपट की दो दर्जन किसानों की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के जंगली इलाकों में इन दिनों 72 हाथियों का दल अलग अलग विचरण कर रहा है। भोजन और पानी की तलाश में प्रतिदिन हाथियों का दल ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में बीती रात हाथियों ने 19 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। गर्मी शुरू होते ही रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले गजराजों का आतंक शुरू हो जाता है। भोजन और पानी की तलाश में भटकते भटकते गजराजों का दल अक्सर गांव पहुंचकर ग्रामीणों की फसलों व घरों को नुकसान पहुंचाकर वापस जंगलों की ओर लौट जाते है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों जहां 58 हाथी अलग अलग रेंज में विचरण कर रहे हैं। जिसमें कापू रेंज के मिरीगुडा में सर्वाधिक 33 हाथी विचरण कर रहे हैं लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।



हाथियों के द्वारा रौंदी गई फसल।



ड्रोन कैमरे से ली गई गजदल की तस्वीरें।

### 19 किसानों की फसल चौपट

रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज के चारमार गांव में हाथियों ने एक ही रात में 9 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया हैए वहीं खरसिया के पण्डरमुडा गांव में भी एक किसान की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है। इसी तरह धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज चुहकीमार गांव में 4 किसानों के धान की फसलए बनहर में 3 किसानों की धानए उड़द और मुंगफली की फसल के अलावा धरमजयगढ़ के बायसी में 2 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है।

### हर गतिविधि पर रखी जा रही नजर

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी ट्रैकिंग दल एवं हाथी मित्र दल के द्वारा जंगलों में ड्रोन कैमरे की मदद से हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखा जा रहा है। ताकि रिहायशी इलाकों में हाथी के प्रवेश करने पर उन्हें सचेत किया जा सके। इसके अलावा गांव गांव में मुनादी एवं प्रचार प्रसार कराकर गांव के ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ गांव में हाथियों के दस्तक देने पर उनसे दुरी बनाए रखने की बात कही जा रही है।

# पीएम ग्राम सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



तमनार ब्लाक के कुंजेमुरा सराईडीपा मार्ग में गिट्टी की ओवरलोड गाड़ियि चल रही है, जिस सड़क पर चलानी कार्रवाई की गई थी। गुरूवार की सुबह ग्रामीणों ने 8 गिट्टी गाडिय़ा रोकी और तमनार पुलिस सूचना दी पुलिस गाड़ियों पकडर तमनार ले आईए फिर 8 गाड़ियों पर 40 हजार रुपए की चलानी कार्यवाई की गई।

हैरानी की बात तो 4 गाड़ियो की दो दो रायल्टी पर्ची थी जबकि अन्य 4 गाड़ियों की रायल्टी पर्ची कार्रवाई के दौरान ट्रांसपोर्टर लेकर मौके पर पहुंचा। ताज्जुब यह भी है कि गाड़ियि सारंगढ़ के गुडली से आती है और तीन से चार खनिज जांच चौकी पार कर आती है, जिसमें चंद्रपुर, रायगढ़ के विजयपुर, हमिरपुर कुंजेमुरा पार कर साईडिंग में पहुंच जाती है।

तमनार ब्लॉक के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बने सड़को पर बेधड़क ओवरलोड हैवी वाहन दौड़ रहे है, जिससे सड़क जर्जर और राहगीरों में डर का मौहोल बना हुआ है, 17 मार्च को कुंजेमुरा मार्ग में हेवी लोड़ गाड़ियों को ग्रामीणों ने रोका, जिसके बाद तमनार पुलिस ने चलानी कार्रवाई की और छोड़ दी। हरिभूमि में खबर प्रमुखता से दिखाई गई जिसके बाद कोयले की गाडिय़ा चलनी बंद हो गईण्बिते दिनों घरघोड़ा तमनार सड़क में हेवी लोड गाड़ियि चलने के निर्देश एसडीएम घरघोड़ा ने आदेश निकाला। लेकिन ग्रामीणों ने इसका जमकर विरोध किया, फिर मीटिंग भी हुई जिसमें ट्रैफिक प्रशासन नेताओं और ग्रामीण, लैलूंगा विधायक और पूर्व मंत्री मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मी से छग आर्म्स के जवानों ने की मारपीट, कंधा तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

होली के दूसरे दिन रंग पर्व मनाकर घर लौट रहे जिला पुलिस बल के जवान की आपसी कहासुनी पर छत्तीसगढ़ आर्म्स के दो जवानों ने फिल्मी स्टाइल में जमकर मारपीट कर दिया। इससे पुलिस जवान का कंधा टूट गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, पुलिस विभाग होली के एक दिन बाद होली मनाती है। वहीं पुलिस विभाग तथा थाने में होली खेलकर घर आ रहे जिला पुलिस बल के आरक्षक ने उर्दना पुलिस बटालियन में कुछ युवकों को गाली-गलौज देते हुए देखा और सुनाए तत्पश्चात उसने उक्त युवकों को गाली-गलौज से युवकों को मना किया। घायल पुलिस जवान ने बताया कि उक्त युवक भी पुलिस विभाग के थे, जिसमें एक युवक सीएएफ जवान का बेटा भी था। तत्पश्चात कुछ ही देर में एक सीएएफ का जवान आकाश श्रीवास अपने एक साथी के साथ आया और आते ही उक्त बाइक सवार जिला पुलिस बल के जवान से मारपीट करते हुए उसके बाइक तथा उस पर लात घूंसे बरसाते रहे। जब तक पुलिस जवान संभल पाता तब तक वह बाइक समेत गिर गया, जिसके चलते वह चोटिल हो गया। वहीं मारपीट करने वाले उसे उसी हालत में छोडक़र भाग खड़े हुए।

इस घटना के बाद घायल पुलिस जवान ने किसी तरह फोन व अन्य माध्यय से घर में सूचित किया जहां परिजनों ने उसे उपचार के लिए लेकर गए। इस बीच डॉक्टरों ने उपचार में उसका कंधा टूटना बतायाए जिसके चलते उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

### सड़क दुर्घटना में मृत युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**रायगढ़।** थाना प्रभारी थाना जूटमिल रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 35 से 40 वर्ष की मृत्यु 22 मार्च 2024 के दरम्यानी रात ग्राम नेतनागर उड़िसा नेशनल हाईवे रोड में किसी अज्ञात भारी वाहन चालक के द्वारा मृतक को एक्सीडेन्ट कर कुचल देने से मृतक का शव क्षत विक्षत हालत में होने की सूचना पर मौके पर जाकर फोटोग्राफी किया गया है। अज्ञात मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। उक्त मृतक कार्बन कलर का टी.शर्ट पहना था। मृतक व्यक्ति की पहचान संबंधी किसी को कोई जानकारी हो तो वे जूटमिल थाना रायगढ़ में दे सकते है।

# फ्लाइंग स्क्वायड टीम को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में गुरुवार को फ्लाइंग स्क्वायड टीम, जीएसटी एवं स्थैतिक निगरानी टीम को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले सामग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिसके लिए सभी फ्लाइंग स्क्वायड टीम नियमित कार्यवाही करते हुए रिपोर्टिंग करें। इसके साथ ही मिलने वाले शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में निर्वाचन के मद्देनजर कैश, ज्वेलरी, शराब एवं प्रलोभन सामग्रियों का परिवहन हो सकता है, लिहाजा सभी टीमें मुश्तैदी के साथ कार्य करें। इस दौरान उन्होंने जीएसटी विभाग से जिले में स्थित वेयर हाउस, गोडाउन के संबंधित जानकारी लेते हुए गारमेंट्स, किचन सामग्री, स्पोर्ट्स समान के अवैध भंडारण की मौके पर जांच एवं कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला अंतर्राज्यीय सीमा से लगा हुआ है। अतरू बॉर्डर से किसी भी प्रकार का अवैध शराब परिवहन नहीं होना चाहिए। इसके अलावा शॉपिंग साईट पर नजर रखने एवं बल्क में होने वाले डिलीवरी पर जांच के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों के शंका का समाधान भी किया। जीएसटी अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन में प्रलोभन के लिए दी जाने वाली मुफ्त की वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किचन समान आदि के परिवहन वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई.वे बिल होना आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों बिलों के जांच के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में एफएसटी को सी.विजिल के उपयोग करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश के साथ ही किए गए कार्रवाई को इएसएमएस इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम में अपडेट करने के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जांच के फलस्वरूप कैश वस्तुओं के जप्त होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति वैध दस्तावेज के साथ कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित होकर अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री गोयल ने एफएसटीए एसएसटी को निर्देशित किया कि कार्य के दौरान निष्पक्षता तथा सामान्य शिष्टाचार का ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान वीडियोग्राफी सुनिश्चित करें। संदिग्ध व्यक्ति अथवा बड़ी रकम मिलने पर सोर्स की जानकारी ले एवं संदेह होने पर संबंधित टीम से समन्वय करते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं राजनीतिक आयोजन हेतु एसडीएम की अनुमति अनिवार्य है। फ्लाईंग स्क्वायड टीम ऐसे आयोजन में प्राप्त अनुमति की जांच सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैंकों के क्यूआर लगे कैश वाहनों के मूवमेंट को प्रभावित किए बिना जांच सुनिश्चित किया जाए।

# बारातियों से भरा पिकअप पलटा,11 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में बुधवार की दोपहर ग्रामीणों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 11 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 9 को ज्यादा चोट लगने की वजह से रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मामला छाल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह तकरीबन साढ़े 10 बजे चीतापाली से पिकअप में सवार होकर लगभग 12 से अधिक ग्रामीण जामपाली सगाई में जा रहे थे। इसी बीच पिकअप जब बनहर मोड़ के पास पहुंची ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। पिकअप सड़क किनारे पलट गई। छाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर पैकरा ने बताया कि पिकअप पलटने की घटना में 11 लोग घायल हुए हैं, जिसमें से 9 लोगों को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। छाल थाना प्रभारी हर्षवर्धन बैस ने बताया कि 11 लोगों को चोट आई हैए जिसमें से 3 लोगों को रायगढ़ रेफर किया गया हैए जिसमें से एक की हालत गंभीर है। विजय राठिया, लोकेन राठिया, तामेश्वर राठिया, हरभजन राठिया, संजय राठिया, संतोष राठिया, कुलदीप राठिया, अजय राठिया, हलधर राठिया समेत 9 लोगों को रेफर किया गया, बाकी लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### कवि सम्मेलन से गुलजार हुई शाम, सपरिवार पंहुचे व्यापारी

# व्यापारियों पर ना लगे लांछन, जीएसटी का हो सरलीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार शाम शहर के व्यापारी संगठन चेंबर आफ कामर्स जिला इकाई का होली मिलन समारोह रामबाग मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में चेंबर के प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल हुए। समारोह के मुख्य आयोजक वन चेंबर आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने मंच से एक बार फिर व्यापारियों की पीड़ा जाहिर की। सुशील ने आती जाती सरकारों पर मेहशतकश व्यापारियों को टैक्सचोर साबित करने की मंशा पर सवाल उठाते हुए केन्द्र सरकार से जीएसटी में सरलीकरण की मांग की। उन्होंने प्रदेश की नवगठित सरकार के महज तीन माह के कार्यकाल के दौरान दो दर्जन से ज्यादा छापेमारी कर जीएसटी में गडबडी उजागर होने की कार्रवाई का संकेतात्मक जिक्र करते हुए कहा कि जीएसटी की जटिलता आए तक व्यापारियों की समझ में नहीं आई है और सरकार उन पर कार्रवाई करते हुए व्यापारियों को टैक्सचोर बताकर देश के अर्थव्यवस्था की रीढ का मनोबल छोड़ने पर आमादा है। सुशील ने कहा कि कोई भी सरकार व्यापारिक हितों को लेकर गंभीर नजर नहीं आई रही जिसका एक बड़ा कारण व्यापारियों का कमजोर संगठन ढांचा है। वहीं नगर में चेंबर के दो गुट होने के प्रति निराशा जाहिर करते हुए व्यापारिक हितों को एकजुट होकर ही सुलझाने की जरुरत पर जोर दिया। सुशील रामदास ने अपने दो साल का रिपोर्ट कार्ड सामने रखते हुए शहर में व्यापारिक पंजीयन दोगुने से ज्यादा होने की जानकारी दी। साथ ही चेंबर की तमाम गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन में संगठन के प्रदेश महामंत्री शक्ति अग्रवाल के सहयोगी भूमिका की प्रसंशा भी की। संबोधन की अगली कड़ी में भी माईक संभालने वाले चेंबर के प्रदेश पदाधिकारियों ने भी रायगढ समेत अन्य जिलों में निर्वाचित संगठन के समानांतर मनोनित संगठन को गलत बताते हुए इसे व्यापारिक हितों के प्रभावित होने वाला निर्णय बताया। निजी अर्थव्यवस्था के बूते अपने हित के के लिए जूझते व्यापारियों को सभी अतिथि वक्ताओं ने छग चेंबर आप कामर्स के बैनर तले एकजुट होने का आव्हान किया। होली मिलन समारोह में पद्मश्री डा. सुरेन्द्र दुबे, सुदीप भोला, कनवरलाल, दमदार बनारसी, पद्मिनी शर्मा, अमित शर्मा आदि देश के ख्यातिलब्ध कवियों ने अपने काव्य पाठ और हंसगुल्लों से मौजूद श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। हाईटी के साथ देर रात तक चेंबर के होली मिलन का जश्न देर रात तक चलता रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर के व्यापारियों वन चेंबर सदस्यों ने भी भरपूर योगदान दिया।

# स्कूल से कम्प्यूटर और की बोर्ड समेत हजारों का माल पार

**रायगढ़।** खरसिया क्षेत्र अंतर्गत बोतल्दा खोरसीपाली में 24-25 मार्च के बीच अज्ञात चोरों ने एक स्कूल से लैपटॉप समेत करीब 70 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। प्रिंसिपल की शिकायत के बाद खरसिया पुलिस ने मामला दर्ज कर किया। ओकुमार पटेल ने खरसिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह शाउमावि से हैं। वे इसी संस्था में बोतल्दा में व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। बोतलदा स्कूल में 23 मार्च को सहायक शिक्षक मुरलीधर चंद्रा ने गेट पर ताला लगाकर चाबी श्रद्धा साहू भृत्य को दे दी। सभी कर्मचारी अपने मुख्यालय चले गए। 24-25 मार्च को होली की छुट्टी के कारण स्कूल बंद था। 26 मार्च को सुबह 9.30 बजे श्रद्धा साहू और ललिता चौहान स्कूल खोलने आईं तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला गायब है। अंदर आईसीटी लैब में ताला नहीं लगा था। दरवाजा खोलने पर पता चला कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है। 2 लैपटॉप के अलावा, टीएफटी 2 नग, प्रोजेक्टर 1 नग, स्पीकर 4 नगए बैटरी 1 नग, यूपीसी 1 नग, पावर केबल 2 नग, की बोर्ड 3 नग और माउस 2 नग की चोरी की गई। सामानों की कीमत लगभग 70 हजार रुपए है। प्रार्थी की शिकायत के बाद खरसिया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बढ़ती टॉक्सिसिटी से परेशान डोजा कैट ने इंस्टाग्राम को कहा अलविदा



अमेरिकी रैपर और गायिका डोजा कैट के फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। डोजा ने शनिवार को घोषणा की कि वह इंस्टाग्राम छोड़ रही हैं। गायिका ने बताया कि उनके साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया है, उसके कारण वह मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म से ब्रेक ले रही हैं। कथित तौर पर डोजा का इन दिनों नेटिजन्स के साथ उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता चल रहा है और ऐसा लगता है कि गायिका ने इसी कारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को छोड़ने का मन बना लिया है। 'से सो' गायिका ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अब हटाए गए पोस्ट में लिखा, 'अरे, मैं निष्क्रिय होने जा रही हूं क्योंकि मैं अब और इसका हिस्सा नहीं रहना चाहती।' बढ़ती टॉक्सिसिटी का हवाला देते हुए, उन्होंने आगे कहा, 'जिस तरह से यहां मुझसे बात की जाती है और व्यवहार किया जाता है, उससे मेरे मन में गंदे विचार आते हैं। कृपया देखें कि आप इंटरनेट पर लोगों से कैसे बात करते हैं और उनके बारे में कैसे बात करते हैं।' अकाउंट निष्क्रिय करने से पहले, ग्रैमी विजेता गायिका ने कहा कि रचनात्मकता से प्रेरित होने के लिए मंच पर आती हैं, लेकिन चीजें शायद संभालने के लिए बहुत अधिक होती जा रही हैं। उन्होंने जोड़ा, 'आप लोग अपना ख्याल रखें। मुझे यहां आकर निरीक्षण करना और लोगों को रचनात्मक होते देखना पसंद है, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि यह बहुत ज्यादा हो रहा है।'

### टॉलीवुड

## 'फैमिली स्टार' के ट्रेलर रिलीज की तारीख से उठा पर्दा



विजय देवरकोंडा बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'फैमिली स्टार' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के पोस्टर-टीजर ने फैंस का उत्साह बढ़ाया हुआ है। इसी बीच निर्माताओं ने इसके ट्रेलर रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। आइए फिल्म 'फैमिली स्टार' से जुड़े लेटेस्ट अपडेट पर गौर फरमा लेते हैं- 'फैमिली स्टार' का नाटकीय ट्रेलर फिल्म के बड़े स्क्रीन पर आने से एक सप्ताह पहले 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। टीम अब तक शूटिंग में व्यस्त है। हालांकि, प्रोडक्शन का काम पूरा हो चुका है, इसलिए निर्माता अब पूरी तरह से प्रमोशन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। फिल्म का तीसरा एकल 'मधुरम' 25 मार्च को लॉन्च किया जाएगा। रिपोर्ट्स की मानें तो गाने और ट्रेलर के अलावा, प्रचार बढ़ाने के लिए टीम के पास कई अन्य कार्यक्रम भी हैं। ब्लॉकबस्टर 'गीता गोविंदम' के बाद 'फैमिली स्टार' विजय देवरकोंडा और परशुराम की दूसरी फिल्म है। मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं, जबकि राष्ट्रीय क्रश रश्मिका मंदाना एक कैमियो भूमिका में नजर आएंगी। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू और श्रीश द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत गोपी सुंदर द्वारा तैयार किया गया है। फिल्म 'फैमिली स्टार' पांच अप्रैल को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी। यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी, जिसमें विजय और मृणाल के अलावा दिव्यांश कौशिक, अजय घोष और कई अन्य कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

### भोजपुरी

## भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी बनेंगे शेट्टी के शो का हिस्सा



भोजपुरी सिनेमा में अपनी एक्टिंग और सिंगिंग से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाले खेसारी लाल यादव जल्द टीवी पर अपना कमबैक कर सकते हैं. वैसे तो रियलिटी शो से खेसारी लाल का कनेक्शन काफी पुराना है, इससे पहले सलमान के 'बिग बॉस' में उन्होंने शिरकत की थी और अब रोहित शेट्टी के शो में वो नजर आ सकते हैं. भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव जल्द ही रोहित शेट्टी के रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आ सकते हैं. जी हां, खेसारी लाल को कलर्स टीवी की तरफ से 'खतरों..' के 14वें सीजन में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है और वो फिलहाल चैनल की तरफ से आए हुए इस ऑफर पर विचार कर रहे हैं. पांच साल पहले खेसारी लाल यादव सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' का हिस्सा बने थे. हालांकि विवादों से दूर रहने वाले ये भोजपुरी एक्टर बिग बॉस में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे. अपनी दमदार एक्टिंग और डायलॉग डिलीवरी के साथ खेसारी लाल यादव उनकी सिंगिंग के लिए भी जाने जाते हैं. उनके तमाम फैंस को खेसारीलाल के एक्शन सीन भी खूब पसंद आते हैं. यही वजह है कि उनके लिए 'खतरों के खिलाड़ी' एक सही शो हो सकता है. अगर ये भोजपुरी सुपरस्टार इस शो में शामिल होते हैं, तो ये उनके लिए एक बड़ा मौका होगा. इससे पहले एक्ट्रेस रानी चटर्जी को 'खतरों के खिलाड़ी' ऑफर हुआ था. हालांकि वो एक हफ्ते में ही शो से बाहर हो गईं थीं. टीवी9 हिंदी डिजिटल को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मई 2024 में रोहित शेट्टी 'खतरों के खिलाड़ी' के सीजन 14 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं. ये शूटिंग लगभग 25 दिन तक चलेगी और फिनाले के अलावा पूरी शूटिंग इंडिया से बाहर बुल्गारिया में होने वाली है. बिग बॉस 18 से पहले तीन महीने रोहित शेट्टी के शो को कलर्स टीवी पर वीकेंड का प्राइम स्लॉट दिया जाएगा.। यानी जुलाई में 'खतरों के खिलाड़ी' का सीजन 14 टीवी पर ऑन एयर होगा। सिर्फ खेसारी लाल ही नहीं बल्कि टीवी और बॉलीवुड के कई मशहूर चेहरे इस एडवेंचर रियलिटी शो में शामिल होने वाले हैं.



लाइफ

फ्यूचर जनरेशन

साल 2024 का सबसे बड़ा फैशन ट्रेंड न्यूयॉर्क, मिलान, पेरिस और लंदन फैशन वीक के दौरान स्प्रिंग/समर का जलवा रहेगा। पहले से ही चल रहा है। फैशन शो की तैयारी में रैम्प पर चलने की तैयारी में ड्रीस वैन नोटेन, अलेक्जेंडर मैक्वीन और माइकल कोर्स जैसे मॉडल। दर्शक इन मॉडल्स के परिधानों में भविष्य की झलक देखना पसंद करते हैं।

## अपने उलझे बालों को संवारे इन उपायों से

बालों का उलझना बहुत अधिक परेशान करने वाला होता है। कभी-कभी बाल इतने उलझ जाते हैं कि उन्हें सुलझाना काफी मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी तो यह इतना फ्रस्टेटिंग होता है कि हम अपने बालों में जोर से कंघी करते हैं, जिससे ना केवल बाल खिंचते हैं, बल्कि टूटने भी लग जाते हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि इस तरह बाल अक्सर सुबह के समय उलझे हुए होते हैं। जब आप सोकर उठते हैं तो बाल काफी बिखरे व उलझे हुए होते हैं।

### तकिए के कवर को बदलना

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन इससे आपको अपने बालों की उलझन को काफी हद तक दूर करने में मदद मिलेगी। अगर आप अब तक कॉटन के पिलोकवर का इस्तेमाल करती आई हैं तो उसे सिल्क से बदल लें। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि कॉटन व अन्य मैटीरियल से बने तकिए के कवर फ्रिक्शन पैदा करते हैं, जिससे बालों से आवश्यक नेचुरल ऑयल भी छिन जाता है। ऐसे में बाल काफी रूखे हो जाते हैं और उलझने लगते हैं। वहीं, रेशम के पिलोकवर की मदद से इस समस्या को काफी हद तक मैनेज किया जा सकता है।



### लीव-इन कंडीशनर का इस्तेमाल

अगर आपको हर सुबह उलझे हुए बालों की समस्या के साथ जागना पड़ता है तो अब आप लीव इन कंडीशनर को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बनाएं। कोशिश करें कि आप रात को सोने से पहले बालों में लीव इन कंडीशनर अप्लाई करें। यह सोते समय आपके बालों को उलझने से बचाएगा, जिससे अगली सुबह आपके बाल अधिक मैनेजेबल होंगे।

### सही तरह से करें कॉम्ब

अक्सर बालों के उलझने की समस्या हमें इसलिए भी परेशान करती है, क्योंकि हम बालों को सही तरह से कॉम्ब नहीं करते हैं। अगर बालों को सही तरह से कॉम्ब किया जाता है, तो उन्हें सुलझाना काफी आसान हो जाता है। इसके लिए आप हमेशा चौड़े दांतों वाली कंघी का इस्तेमालकरें। इसके अलावा, बालों को आसानी से सुलझाने के लिए उसे छोटे-छोटे सेक्शन करके ही कॉम्ब करें। अगर आपके बाल बहुत अधिक उलझे हुए हैं तो पहले उंगली की मदद से बालों को सुलझाने का प्रयास करें।

### खुले ना हों बाल

कई बार हम इतने थके हुए होते हैं कि ऐसे ही खुले बालों में सो जाते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा करने से अगली सुबह बाल बहुत अधिक उलझे होते हैं। इसलिए हमेशा यह कोशिश करें कि आप अपने बालों को बांधकर ही सोएं। आप अपने बालों में लूज ब्रेड या बन बना सकती है।

यह छोटा सा स्टेप अगली सुबह आपका काफी सारा समय बचाएगा।

## साड़ी पहनना है तो अपनाइए रानी का अनूठा स्टाइल



फैशन



90 के दशक में एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में देने वाली अभिनेत्री रानी मुखर्जी आज के समय में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में अपनी अलग छाप छोड़ी है। एक्ट्रेस ने कई अनगिनत फिल्मों में लीड रोल का किरदार निभाया है, जिसे लोग आज भी याद करते हैं और उन फिल्मों को रिपीट करके देखते हैं।

न सिर्फ फिल्में बल्कि अपनी खूबसूरती की वजह से रानी मुखर्जी आज भी लोगों के दिलों पर राज करती हैं। उनका हर अंदाज बेहद खूबसूरत होता है। खासतौर पर उनके साड़ी लुक लोगों को काफी पसंद आते हैं।

आपको एक्ट्रेस के कुछ ऐसे साड़ी लुक्स देखिए, जिनपर लोगों ने भी काफी प्यार लुटाया है। अगर आपको भी साड़ी पहनने का शौक है तो आप रानी मुखर्जी के इन साड़ी लुक्स से टिप्स लेकर तैयार हो सकती हैं।



**बंगाली लुकः** एक्ट्रेस जब भी कहीं दुर्गा पूजा में शामिल होती हैं, तो इसी तरह की पारंपरिक बंगाली स्टाइल की साड़ी पहनती हैं। इसमें वो बेहद ही खूबसूरत दिखती हैं। इसके साथ वो हमेशा पारंपरिक ज्वेलरी ही कैरी करती हैं।

**चटक लालः** हाल ही में अनंत अंबानी की प्री वेडिंग सेरेमनी में एक्ट्रेस ने ये चटक लाल रंग की साड़ी पहनी थी। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा था। भले ही ये साड़ी प्लेन थी, लेकिन इसका चार्म हैवी वर्क वाली साड़ियों से ज्यादा था।

**साड़ी में ग्लैम लुकः** एक्ट्रेस ने डीपनेक ब्लाउज पहनकर इस व्हाइट रंग की साड़ी में अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाया है। इसके साथ उन्होंने सीक्विन वर्क का ब्लैक ब्लाउज कैरी किया है, जो एक्ट्रेस की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। शिफॉन की साड़ी हर उम्र की महिलाओं को पसंद आती है, क्योंकि इसमें वजन काफी कम होता है। ऐसे में जब एक्ट्रेस का ये साड़ी लुक सामने आया तो लोगों ने इसे काफी पसंद किया।

## अनारकली सूट में परफेक्ट फिटिंग चाहती हैं तो इन टिप्स को करें फॉलो

अनारकली सूट का ट्रेंड कभी खत्म नहीं होता है। हर कोई इसे पहनना पसंद करता है। आजकल इसमें पार्टी में पहनने के लिए भी अलग-अलग डिजाइन मिल जाते हैं। जिन्हें आप बाहर पहनकर जा सकती हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि आप इसके घेर और फिटिंग का ध्यान रखें।

**सही फेब्रिक को चूज करें :** सूट में अच्छी फिटिंग के लिए जरूरी है कि आप सही फेब्रिक को चूज करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे ही सूट का लुक अच्छा आएगा। साथ ही जब आप इसे दोबारा धोकर पहनेंगी तो वो ना ही सिकुडेगा और न ही उसका कलर फेड होगा। इसकी वजह से आप इसमें कितनी भी कलियां डलवा सकती हैं। जिससे ये हैवी लगेगा। इसके लिए आप प्लेन की जगह प्रिंटेड सूट को लें और उसे स्टाइल करें ताकि आप परफेक्ट लगें।


**पीछे लगाएं डोरीः** अगर आपको लग रहा है कि आपके सूट में फिटिंग अच्छी नहीं आ रही है तो ऐसे में आप उसी फेब्रिक की डोरी को पीछे की तरफ लगा सकती हैं। इससे फिटिंग काफी अच्छी आएगी और एक नए तरीके का डिजाइन सूट में क्रिएट हो जाएगा। आप चाहें तो इस डोरी में अलग तरह की लटकन को भी लगा सकती हैं ताकि वो हैवी लगे। **कट का रखें ध्यानः** अनारकली सूट का कट आपकी बॉडी के हिसाब से होना चाहिए। अगर आप पतली हैं, तो आप ए-लाइन या फिट-एंड-फ्लेयर कट चुन सकती हैं। यदि आप थोड़ी मोटी हैं तो आप एम्पायर कमर या ए-लाइन कट चुन सकती हैं। इससे भी आपके सूट की फिटिंग अच्छी आएगी और आप खूबसूरत लगेंगी।



## रमजान के महीने में चांद मेहंदी की ये डिजाइंस लगाएं और तारीफें पाएं

अगर आपको भी रमजान के महीने में हाथों पर मेहंदी लगानी है और इसके लिए आप डिजाइंस देख रही हैं, तो इस आर्टिकल में हम आपको कुछ चांद मेहंदी आर्ट के डिजाइंस देख सकती हैं।

12 मार्च से रमजान के पवित्र दिनों की शुरुआत हो चुकी है। रमजान के महीनों का इंतजार हम साल भर करते हैं। इन दिनों जहां मन धार्मिक भावनाओं से भरा हुआ होता है, वहीं दूसरी तरफ मन में ईद का उत्साह भी होता है। इस पावन महीने में जहां रोजे रखकर ईश्वर की इबादत की जाती है, वही शाम को इफ्तार का समय भी बहुत खास होता है। पूरा महीना ही त्योहार की तरह लगता है। इन दिनों हम नए आउटफिट्स के साथ ही अपने श्रृंगार पर भी काफी ध्यान देते हैं। कुछ नहीं तो हाथों में मेहंदी लगाने के लिए डिजाइंस की तलाश हम महिलाओं को हमेशा ही रहती है।



ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल में खास रमजान के महीने में लगाई जाने वाली मेहंदी कुछ डिजाइंस दिखाएंगे। आपको बता दें कि चांद इस्लाम धर्म में बहुत ही पवित्र चिन्ह माना गया है। इसे मेहंदी में भी शामिल किया जा सकता है। तो चलिए रमजान के लिए कुछ खूबसूरत मेहंदी डिजाइंस देखते हैं।

### फूलों की बेल से चांद

अगर आप हाथों की बैक मेहंदी डिजाइंस तलाश रही हैं, तो एक बार आप ऊपर दिखाई गई तस्वीर पर नजर डालें। इस मेहंदी आर्ट में आप फूलों की बेल से चांद बना सकती हैं। इसके लिए आप छोटे और बड़े आकार के फूल बनाएं और उन्हें कर्व स्टाइल में पत्तियों, शाखाओं और लताओं की मदद से बढ़ाते जाएं। आपको इसमें चांद की कोई आउटलाइन नहीं बनानी होती है, बस बेल से मेहंदी को आगे बढ़ते जाना होता है। इसके अतिरिक्त मेहंदी को और भी ज्यादा खूबसूरत लुक देने के लिए आप चेन मेहंदी डिजाइंस या फिर डॉट मेहंदी को इसमें एड कर सकती हैं। अगर आप फ्रंट हैंड के लिए चांद मेहंदी डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको ऊपर दिखाई गई इस तस्वीर को देखना चाहिए। इस तस्वीर में आप कई तरह की चांद डिजाइंस देख सकती हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा हैवी मेहंदी डिजाइन हाथों पर नहीं लगानी है, तो आपको इस तस्वीर पर गौर फरमाना चाहिए।

कार्नर न्यूज

**फ्लोरल शर्ट को इन अलग-अलग तरीकों से पहनें, दिखेंगे अट्रैक्टिव और स्टाइलिश**

## स्टाइल के साथ अपनाएं फ्लोरल शर्ट

पुरुषों के लिए फ्लोरल शर्ट परफेक्ट हैं। खासकर कैजुअल लुक के लिए इससे अच्छा और कुछ नहीं हो सकता है। समर सीजन में टॉप वियर में इस स्टाइल की शर्ट को अपने वार्डरोब में शामिल करें। कई लोगों को लगता है कि फ्लोरल शर्ट को एक ही तरीके से पहन सकते हैं। जैसे- हमारे एक जान-पहचान वाले साथी ने कहा कि फ्लोरल शर्ट बस समुद्र तट पर घूमने फिरने के लिए सही है। हां, ये सच है कि ट्रिप के दौरान स्टाइलिश लोग फ्लोरल शर्ट पहनना पसंद करते हैं। मगर उनको ये पता ही नहीं कि फ्लोरल शर्ट को कहीं भी किसी ओकेजन पर पहनकर जा सकते हैं।अपने ऑफिस से लेकर पार्टी तक में ऐसे कैजुअल शर्ट को पहनना अच्छा रहता है।



### चिनोज और फ्लोरल शर्ट

चिनोज के साथ फ्लोरल शर्ट को पहना जा सकता है। इसके लिए एक बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन वाले चिनोज पैंट के साथ परफेक्ट फिटिंग वाली फ्लोरल शर्ट पहनें। इसको पहनने के बाद लुक में निखार आएगा।

### जींस और फ्लोरल प्रिंट शर्ट

जींस के साथ ही फ्लोरल प्रिंट वाली शर्ट को पहन सकते हैं। इस तरह की शर्ट में आपको मनचाहा लुक मिल सकता है। गर्मी के सीजन में जींस के साथ हाफ स्लीव फ्लोरल शर्ट को पहनें। अन्यथा फुलस्लीव वाली शर्ट की बांहों को भी मोड़कर पहन सकते हैं। **कब पहनें :** इस तरह के लुक में ऑफिस जाया जा सकता है। इसके अलावा शॉपिंग या आउटिंग के दौरान ऐसे ड्रेसअप में जाएं।

### बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट

गर्मी के सीजन में कहीं घूमने-फिरने जा रहे हैं तो बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट लेकर जाएं। समुद्र तट पर या द्वीप पर छुट्टियों के दौरान ऐसी ड्रेस में परफेक्ट लुक मिल सकता है।

**कब पहनें:** इस तरह की ड्रेस को पहनकर घर पर रह सकते हैं। इसके अलावा आप ट्रिप पर ऐसी ड्रेस पहनकर जाएं। मगर ऑफिस के लिए ऐसे लुक को ट्राय करने से बचें।

## क्या आपको भी गर्मी के मौसम में लगती है ठंड?

क्या आपको भी गर्मियों के दिनों एसी या कूलर की ठंडी हवा बर्दाश्त नहीं होती है? क्या जरा सी ठंड का सामना करने पर आपकी तबीयत खराब पड़ जाती है? तो आपको इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है, क्योंकि असल में यह स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। बदलते मौसम और तापमान के अनुसार ठंड और गर्मी का अहसास होना सामान्य है, पर हर मौसम में शरीर का एक सामान्य तापमान बने रहना खतरे का संकेत हो सकता है। जैसे कि कुछ लोगों को गर्मी या सामान्य दिनों में भी ठंडक का अहसास होता है ।

**सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, ग्राम – करवाही, खमरिया, सराईटोला, बजरमुड़ा एवं ढोलनारा, तहसील – तमनार, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के करवाही ओपन कास्ट कोल माईन (सब ब्लॉक : गारे पलमा IV/7) के वर्तमान कोल उत्पादन क्षमता में विस्तार 1.44 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 1.68 मिलियन टन प्रतिवर्ष (माइनिंग लीज एरिया के अन्दर) के लिए स्थापना/ संचालन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति (Environmental Clearance), राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पत्र क्रमांक 3363/एस.ई.आई.ए.ए.छ.ग./उद्योग/2758 दिनांक 22.3.2024 प्राप्त हो गई है उक्त स्वीकृति पत्र की प्रति छत्तीसगढ़ प्रदेश के पर्यावरण संरक्षण मण्डल के कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर में तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के वेबसाइट https://parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

**सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
**ग्राम – करवाही, खमरिया, सराईटोला, बजरमुड़ा एवं ढोलनारा**
**तहसील – तमनार, जिला- रायगढ़ (छ.ग.), फ़ोन : 07762-299170**



# खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं शाहिद

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर की लास्ट रिलीज 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' इस साल की हिट हिंदी फिल्मों में से एक है। फिल्म की सक्सेस एन्जॉय कर रहे शाहिद इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'देवा' पर काम कर रहे हैं जो एक एक्शन एंटरटेनर है। करियर की शुरुआत से ही फैन्स के फेवरेट एक्टर्स में एक बन चुके शाहिद ने अब कहा है कि वो खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं। शाहिद ने इंडस्ट्री में पहले से काम कर रहे एक्टर का बेटा होने के फायदे-नुक्सान पर दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले उनके पिता पहले से एक्टर थे लेकिन उन्हें इस बात का कोई फायदा नहीं मिला।

लाइफ Style

# अदिति राव हैदरी

## गुपचुप रचाई सिद्धार्थ से दूसरी शादी

एजेंसी ⏭ मुंबई

साउथ और बॉलीवुड में एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रही हैं। उनका नाम अक्सर साउथ एक्टर सिद्धार्थ के साथ जुड़ता रहा है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी कभी रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की और ना ही कोई रिएक्शन दिया।

अब खबर सामने आ रही है कि इस रूमर्ड कपल ने गुपचुप शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदिति और सिद्धार्थ ने अपने ट्रेडिशनल रीति-रिवाज के साथ शादी की है। बताया जा रहा है कि रूमर्ड कपल की शादी के लिए तमिलनाडु के पुजारियों को बुलाया गया था। कहा जा रहा है कि उन्होंने जिस मंदिर में फेरे लिए हैं वो वानापर्थी में है। रिपोर्ट्स में इस जगह से एक्ट्रेस का खास कनेक्शन बताया जा रहा है। दरअसल, अदिति राव हैदरी शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनके नाना वानापर्थी संस्थानम के आखिरी शासक थे। अदिति अकबर हैदरी की परपोती हैं। उनके दादा मुहम्मद सालेह अकबर हैदरी असम के पूर्व राज्यपाल भी रह चुके हैं।

अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के गुपचुप शादी रचाने के पीछे की वजह को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों अपनी निजी जिंदगी को पर्सनल रखना पसंद करते हैं और शायद इसी वजह से उन्होंने सीक्रेट वेडिंग चुनी। हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की अमाउंसमेंट नहीं की है और ना ही उनकी शादी की कोई तस्वीर सामने आई हैं। बहरहाल, अगर सिद्धार्थ और अदिति की लव स्टोरी की बात की जाए तो रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि साल 2021 में तमिल-तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम' के दौरान इनके बीच नजदीकियां आई थी।




हॉलीवुड मसाला



# 51 साल की उम्र में बनी मां

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस कैमरून डियाज के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। पूरा घर खुशियों से भर गया है। परिवार जश्न मना रहा है। 'द मास्क' फेमस कैमरून ने 51 साल की उम्र में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को ये गुड न्यूज सुनाई और बेटे के नाम का भी ऐलान कर दिया है। डियाज ने इंस्टाग्राम पर एक ड्रॉइंग की फोटो शेयर की, जिस पर लिखा है, 'एक छोटी चिड़िया ने मेरे कानों में आकर कहा...।'





# 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवार्ड्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है। हॉलीवुड के इस फ्रेंचाइजी 'बैड बॉयज' की चौथी सीरीज के साथ 'बैड बॉयज: राइड और डाई' से ये विल स्मिथ स्क्रीन पर लौटने के लिए बिल्कुल तैयार दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी फिल्म में दमदार जोड़ी है यानी एक बार फिर विल स्मिथ के साथ मार्टिन लॉरेंस भी नजर आ रहे हैं।



# राजनीति में करना चाहती हूं एंट्री

**मुंबई।** सारा अली खान इन दिनों लगातार अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी दो मोस्ट अवेटेड फिल्में 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' रिलीज हो चुकी हैं। इसे दर्शकों से अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है। 'मर्डर मुबारक' उनकी पहली सस्पेंस थ्रिलर थी। इसके साथ ही 'ऐ वतन मेरे वतन' में उन्होंने उषा मेहता का रोल प्ले किया, जिसे लोगों से खूब प्यार मिला और उनकी एक्टिंग ने सभी का दिल जीत लिया। इसी बीच अब उनकी राजनीति में एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। इस पर एक्ट्रेस का रिएक्शन भी सामने आया है। दरअसल, कंगना रनौत के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद सारा अली खान का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। इसमें उन्होंने राजनीति में जाने की दिलचस्पी दिखाई थी।



# तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे राम चरण

**मुंबई।** पैन इंडिया स्टार राम चरण का 27 मार्च को 39वां बर्थडे था, और इस खास मौके पर वह तिरुपति मंदिर पहुंचे। राम चरण पत्नी उपासना और बेटी क्लिन कारा के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा की और भगवान का आशीर्वाद लिया। राम चरण को तिरुपति में देख फैंस और मीडिया ने चारों तरफ से घेर लिया, जिससे वह थोड़ा परेशान भी नजर आए। राम चरण ने तिरुपति मंदिर जाते हुए शर्ट और वेस्टी पहनी हुई थी, जबकि पत्नी उपासना ने साड़ी पहनी थी। उन्होंने बेटी क्लिन का चेहरा साड़ी के पल्लू से छुपा रखा था। तिरुपति बालाजी मंदिर से निकलते वक्त मीडिया ने राम चरण और उपासना को घेर लिया। यह देख राम चरण परेशान हो गए और उनसे रिकॉर्ड न करने की अपील की। सोशल मीडिया पर राम चरण और उपासना की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

टीवी मसाला



# कपिल के साथ फिर काम कर खुश हैं सुनील

मुंबई। कपिल शर्मा टेलीविजन के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर छाने के लिए तैयार हैं। जल्द ही कपिल को नेटफ्लिक्स पर अपने नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ देखा जाने वाला है। इस शो को लेकर लंबे वक्त से कॉमेडियन चर्चा में हैं। 2017 में कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के बीच झड़प हुई थी। एक फ्लाइट में दोनों के बीच लड़ाई के बाद दोनों अलग हो गए थे। अब शो के एक प्रेस मीट के दौरान कपिल और सुनील ने एक दूसरे से चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी लड़ाई एक 'पब्लिसिटी स्टंट' थी। इस इवेंट में सुनील ग्रोवर ने कपिल शर्मा और शो की टीम के साथ दोबारा काम करने पर बात की। वो बोले, इस शो का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। इवेंट में जब कपिल शर्मा ने उनकी फ्लाइट में हुई लड़ाई को लेकर बात की, तो सुनील ने कहा कि ये उनका और कपिल का नाटक था, जो वो तब से इस नए शो को प्रमोट करने के लिए कर रहे हैं। सुनील बोले, 'उस टाइम पर नेटफ्लिक्स इंडिया में नया आया था तो हमको लगा कि टेलीविजन की ऑडियंस को बांध के रखने के लिए कुछ करना पड़ेगा।

# तारक मेहता... की मिसेस सोढ़ी ने जीता सेक्शुअल हैरेसमेंट केस

मुंबई। टीवी इंडस्ट्री से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बीते साल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की मिसेस सोढ़ी उर्फ जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी के खिलाफ कोर्ट में सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस डाला था। एक साल बाद इसपर वर्डिक्ट आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर, असित के खिलाफ केस जीत चुकी हैं। जेनिफर ने केस जीतने पर कहा- केस पर फैसला आए 40 दिन बीत चुके हैं। मुझे अबतक प्रोडक्शन हाउस वालों ने पैसा नहीं दिया है। मैंने इतने महीनों मेहनत की, सीरियल में काम किया, लेकिन मेरी मेहनत का पैसा अबतक मेरे हाथ नहीं आया है। तीनों में से किसी को भी अबतक कोई सजा नहीं दी गई है। मैंने तीनों के खिलाफ केस किया था, पर सोहेल और जतिन, दोनों ही वर्डिक्ट में शामिल नहीं थे। मैं खुश नहीं हूं। उन्होंने ये साबित कर दिया कि असित कुमार मोदी सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में दोषी हैं।



# मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी की जूलरी भी दे डाली



**मुंबई।** 30 मार्च से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' शुरू होने जा रहा है। शो में बतौर गेस्ट रणबीर कपूर, नीतू कपर और रिद्धिमा कपूर साहनी बतौर गेस्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान कपूर फैमिली मजेदार बातें करते हुए नजर आने वाली है और रणबीर गर्लफ्रेंड्स से जुड़े खुलासे करने वाले हैं। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के पहले एपिसोड के सामने आए प्रोमो में देखा जा सकता है कि रणबीर कपूर कई खुलासे करते हैं। एक्टर ने इस शो में रिवील किया कि वो अपनी मां की जूलरी अपनी गर्लफ्रेंड्स को दे दिया करते थे। अब ये बात उन्होंने बताई कैसे चलिए वो भी बताते हैं। दरअसल, कपिल शर्मा पूछते हैं कि रणबीर ने रिद्धिमा के कपड़े अपनी गर्लफ्रेंड्स को गिफ्ट किए हैं? इस पर एक्टर ने झटपट जवाब दिया, 'मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी के गहने भी दे डाले हैं।' इसे सुनते ही पास बैठीं नीतू कपूर शॉक रह जाती हैं और जोर-जोर से हंसने लगती हैं।

# विन डीजल ने दिखाई दीपिका की अनदेखी तस्वीर



**लॉस एंजिलिस।** विन डीजल ने मंगलवार शाम को अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया जब उन्होंने दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता डीजे कारुसो के साथ अपनी एक अनदेखी तस्वीर साझा की। यह तस्वीर उस समय की है जब वह साल 2017 में अपने भारत दौरे पर फिल्म '**XXX**: रिटर्न टू जेंडर केज' का प्रचार कर रहे थे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लीडिंग लेडी थीं और ऐसे में दोनों ने जमकर अपनी फिल्म की प्रमोशन्स की थी। अब ये अनदेखी तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। उस दौरान भी दोनों की कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। विन डीजल ने अपने इस पोस्ट में एक भाई-बहन की कहानी का भी जिक्र किया, जो कारुसो ने उन्हें भेजी थी। सामने आई तस्वीर में विन डीजल एक ऑटो के बगल में खड़े होकर दीपिका को बड़े ही प्यार से ब्लेजर पहना रहे हैं। एक्टर और दीपिका के बीच सामंजस साफ देखने को मिल रहा है।

# कमबैक वाले कमेंट पर हनी सिंह ने दिया जवाब

**मुंबई।** रैपर बादशाह और रैपर यो यो हनी सिंह के बीच का कोल्ड वॉर खत्म नहीं हुआ है, दोनों अक्सर एक दूसरे को लेकर कमेंट करते नजर आते रहते हैं। हाल ही में बादशाह ने हनी सिंह के कमबैक न होने पर कमेंट किया था अब हनी सिंह ने उसका जवाब दे दिया है। हाल ही में बादशाह के कॉन्सर्ट में कुछ हनी सिंह के फैन पहुंचे थे और कॉन्सर्ट के दौरान यो यो हनी सिंह चिल्लाने लगे। जिसके बाद बादशाह ने कहा- अरे तुम लोग भी आए हो। एक कागज और पेन देना, कुछ गाने लिख देता हूं, तुम्हारे पापा का कमबैक हो जाएगा। अब बादशाह के इस कमेंट पर हनी सिंह ने जवाब दिया है। हनी सिंह ने एक होली पार्टी में परफॉर्म किया। इस दौरान उनके फैंस ने उनसे बादशाह को रिप्लाई देने को कहा। जिसके बाद हनी सिंह ने कहा, मुझे सब बोलते हैं जवाब दो रिप्लाई दो, मैं क्या रिप्लाई दूं। तुम लोगों ने पहले ही सारे कमेंट्स का अच्छे से रिप्लाई दे रखा है, मुझे मुंह खोलने की जरूरत ही नहीं है। हनी सिंह क्रेजी है और उसके फैंस भी क्रेजी हैं।



## नसीरुद्दीन शाह को साथ में मिली सच्ची मोहब्बत

# थिएटर से शुरुआत करने के बाद संवर गई एक्टर्स की जिंदगी

**मुंबई।** 27 मार्च का दिन वर्ल्ड थिएटर डे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन थिएटर और स्टेज के सभी रूपों और अभिनेताओं को सम्मानित करने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। बॉलीवुड में हमारे कई ऐसे एक्टर्स हैं जो आज सुपरस्टार बन चुके हैं और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। जिनमें शाहरुख खान, मनोज बाजपेयी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, नसीरुद्दीन शाह समेत कई नाम शामिल हैं।

### अनुपम खेर

अनुपम खेर ने 1978 में, खेर ने नई दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से ग्रेजुएशन की थी। वह अब अपने फिल्मी करियर के साथ-साथ खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं।



### नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक

नसीरुद्दीन शाह और रतना पाठक दोनों ही बेहतरीन एक्टर्स हैं। दोनों पति पत्नी भी हैं। इन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। दोनों ने एक साथ नाटक का हिस्सा थे। जहां वह एक दूसरे को पसंद करने लगे थे। नसीर और रतना दोनों ही एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और थिएटर से इन्हें नाम और काम के साथ-साथ प्यार भी मिला।

### शबाना आजमी

शबाना आजमी ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। वह अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्में कर चुकी हैं और उन्हें 5 बार बेस्ट एक्ट्रेस के नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। इसके साथ ही उन्हें कुछ फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

### परेश रावल

परेश रावल आज अभिनेता के साथ-साथ राजनीति में भी एक्टिव हैं। उनके रोल और कॉमिक टाइमिंग के साथ बॉलीवुड में उन्हें आज भी कोई टक्कर नहीं दे सकता। परेश रावल ने भी अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी।

### राजकुमार राव

'शादी में जरूर आना' के सत्तू से 'स्त्री' के बिक्की तक के किरदार में जान फूंक देने वाले राजकुमार राव फिल्मों में आने से पहले थिएटर करते थे।

### मनोज बाजपेयी

फैमिली मैन मनोज बाजपेयी भी थिएटर कर चुके हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग की शुरुआत थिएटर से की थी। हालांकि बाद में वह टीवी, बड़े पर्दे और अब ओटीटी पर भी अपने अभिनय का कमाल दिखा रहे हैं।



### सतीश कौशिक

सतीश कौशिक भले ही अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन आज भी उनका काम सराहा जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। सतीश नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के स्टूडेंट थे और इस जगह से उन्हें केवल नाम नहीं, बल्कि कई बेहतरीन दोस्त भी मिले थे।

### इरफान खान

इरफान खान का नाम हिंदी सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार है। उन्होंने रविन्द्र मंच से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। भले ही वह अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन अपने अभिनय से उन्होंने लोगों के मन में जो छाप छोड़ी है वो अमिट है।





### राधिका आप्टे

राधिका आप्टे को उनकी हटके एक्टिंग के लिए जाना जाता है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि फिल्मों में आने से पहले वह थिएटर कर चुकी हैं। ये ही कारण है कि वह एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं।

समस्या निदान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बनाई गई कार्ययोजना

# यातायात समस्या का निराकरण करने सड़क पर निकले एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शहर में यातायात व्यवस्था सुगम बनाने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने प्रशासनिक

- ब्लैक स्पॉट व जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हांकित किया गया
- दुकान के बाहर सामान रखकर व्यवसाय करने वालों को दी गई समझाइश
- यातायात व्यवस्था बाधित कर रहे दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी

अधिकारियों के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट, जाम लगने वाले जगहों का स्वयं पैदल घूमकर बारीकी से निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को चार दिनों के भीतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। स्थल निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था में बाधा पहुंचा रहे बैनर होर्डिंग्स को हटाने,सडक पर सामान रखकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को सामान हटाने के निर्देश दिये गये। ताकि दुर्घटना से बचा जा सके एवं आवागमन सुचारू रूप से चल सके। इस दौरान शहर के भीतर बैंक के पास यातायात व्यवस्था बाधित कर रहे चारपहिया वाहन के चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए दो हजार रूपए का चालान काटा गया। साथ ही रोड में दोपहिया वाहन में बिना नंबर एवं तीन सवारी चल रहे कुल 07 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर उपस्थित बैंक के अधिकारियों एवं अन्य दुकानदारों को निजी पार्किंग की व्यवस्था करने हेतु समझाईस दी गई। इस दौरान नागरिकों ने भी जिला प्रशासन का साथ दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित नागरिकों को यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने की बात कही गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीएम पत्थलगांव सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी, एसडीओपी पत्थलगांव श्री ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु एसडीओपी श्री भानुप्रताप चंद्राकर, तहसीलदार श्रीमती उमा सिंह, नगर पंचायत सीएमओ मो. जावेद, स.उ.नि. जोसिक राम कुर्रे इत्यादि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि यातायात संबंधी समस्या का चिन्हांकन करते हुए आगामी दिनों में व्यापारी संघ की बैठक लेकर समस्या का निराकरण किया जायेगा। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।


स्थल निरीक्षण करते एसपी व अन्य अधिकारी।

## घरेलू रंजिश को लेकर बड़े भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

अपने ही सगे बड़े भाई को लोहे की तवा से पीट-पीट कर मौत के घाट उतारने वाला आरोपी को पुलिस ने चंद घंटे में ही गिरफ्तार किया है। घटना चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम बघौदा की है। वहीं आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे के तवा को भी बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ताकि हत्या के कारणों का खुलासा हो सके।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजू सूर्यवंशी निवासी बघौदा थाना चाम्पा अपने परिवार के साथ ग्राम कुरूभांठा भूपदेवपुर (रायगढ़) में रहकर जेएसडब्ल्यू भूपदेवपुर रायगढ़ में मजदूरी का काम करता था। उसके गांव के घर में माता-पिता एवं उसके भाई लोग एक ही घर में रहते थे, माह जनवरी 2024 में कुरूभांठा से गांव बधौदा आयें थे और अपने परिवार के साथ एक ही घर में रहते थे। 26 मार्च को सुबह करीबन 7 बजे मृतक राजू सूर्यवंशी अपने पत्नी को बोला की मेरा पेंट शर्ट और पर्स को दो मैं काम तलासने के लिए भुपदेवपुर रायगढ़ जाउंगा, तब उसके पत्नी बोली की पर्स को नहीं देखी हू, पति-पत्नी दोनो आपस में बातचीत हो रहा था। इसी बीच मृतक का छोटा भाई आरोपी समीर सूर्यवंशी आया और घरेलू विवाद को लेकर अपने बड़े भाई राजू सूर्यवंशी को गाली गलौच करते हुए लोहे की तवा से ताबड़ तोड़ सिर में प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाया, जिसको आरोपी द्वारा उचित इलाज के लिए जिला अस्पताल जांजगीर ले गयें जहां डाक्टर द्वारा चेक करने उपरान्त फौत होना बतायें, और मृतक के शव को पूनः अपने घर बघौदा ले आयें। जिसकी सूचना थाना चाम्पा पुलिस को मिलने पर तत्काल घटना स्थल गया। निरीक्षण कर शव का पंचनामा कार्यवाही में लिया जाकर शव का पीएम कराया गया। इस दौरान शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृतक का मृत्यु गंभीर चोट लगने से होना पाया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना चाम्पा में धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### तेलीटार में भव्य शिवालय की प्राण प्रतिष्ठा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के गायत्री मंदिर वार्ड में स्थित तेलीटार के किनारे नव निर्मित भव्य शिवालय का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। इसके लिए बीते दिनों नगर पंचायत के सैकड़ों मातृ शक्तियों द्वारा कलश स्थापना किया जाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी वहीं प्रतिदिन प्राण प्रतिष्ठा से जुडे पुजा पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अति उत्साह से जारी है। ज्ञात हो कि तेलीटार के किनारे पूर्व में शिव मंदिर था जो जीर्ण शीर्ण हो गया था जिसके नव निर्माण के लिए उक्त मंदिर से जुडे श्रद्धालुओं की मंशा पिछले कई सालों से थी जो अब पूर्ण हो चुकी है। ऐसे स्थिति में इनमें एक नई उल्लास और भक्तिमय वातावरण निर्मित हुई है जिसका श्रेय ये अपने आराध्य भगवान शिव को देते हुए मन ही मन आदोलित हो रहे हैं।

### बाइक पर शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** भूपदेवपुर पुलिस द्वारा ग्राम कांशीचुआ बस्ती चौक के पास मुखबीर सूचना पर बिना नम्बर मोटर सायकल सुजुकी हयाते पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी दिनेश साहू पिता कंचन प्रसाद साहू उम्र 35 वर्ष निवासी कांशीचुआ थाना भूपदेवपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 09 लीटर महुआ शराब और अवैध परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल की जब्ती की गई है। आरोपी दिनेश साहू के कृत्य पर थाना भूपदेवपुर में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व पर शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शंभू पाण्डेय, आरक्षक बोधराम सिदार, विजय कुमार पटेल, कृष्ण कुमार वारेन और महिला आरक्षक गौरी सिदार शामिल थे।

### विद्या भारती की वार्षिक परीक्षाएं 1 अप्रैल से

**रायगढ़।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में बोर्ड को छोड़कर सभी कक्षाओं की परीक्षाएं 1 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। कक्षा पहली से पांचवीं तक की परीक्षाएं 2 से 22 अप्रैल, छठवीं से आठवीं तक 1 से 22 और कक्षा 9वीं 11वीं की परीक्षाएं 1 से 18 अप्रैल तक चलेंगी। परीक्षाओं का समय सुबह 8 बजे से रहेगा। शहर के सशिमं में इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। सशिसं के सभी अधिकारियों ने बच्चों शुभकामनाएं दी हैं।

### दो नाबालिगों को ट्रैफिक नियम सीखने की सजा

**रायगढ़।** किशोर न्याय बोर्ड जिला रायगढ़ के प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा सड़क दुर्घटना के दो मामले में आरोपित विधि के संघर्षरत बालकों को 7 दिनों तक दो दो घंटे यातायात नियमों की जानकारी लेने और यातायात नियमों का पालन कराते हुए सेवा लेने का दंड दिया गया है। आरोपित एक बालक थाना सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं दूसरा बालक थाना भूपदेवपुर क्षेत्र का रहने वाला है। यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा न्यायालय के आदेशानुसार विधि से संघर्षरत बालकों को दुर्घटना घटित होने के यातायात कारकों की जानकारी देते हुए ट्रैफिक के बेसिक नियम बताए गए जिसमें. दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, दो पहिया वाहन में तीन या उससे अधिक सवारी नहीं बैठना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, ओव्हर स्पीड स्टंट ड्राइविंग ना करना, हमेशा बाई और चलना, शराब सेवन कर वाहन ना चलाना, हमेशा वाहन पार्किंग स्थल पर ही पार्क करना, नाबालिकों द्वारा वाहन नहीं चलाना तथा यातायात के महत्वपूर्ण संकेतों का ज्ञान कराया गया, साथ ही शहर के प्रमुख चौक चौराहों में उनसे यातायात नियमों का पालन करने की सेवाएं ली गई तथा सजा अवधि समाप्त होने पर माननीय न्यायालय को अवगत कराया गया है।

## सीएमएचओ का एमसीएच रायगढ़ सीएचसी लोईंग में औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वीके चंद्रवंशी ने मातृ एवं शिशु अस्पताल रायगढ़ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अपने निर्धारित समय तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। मितानिन दवा पेटियों में आवश्यक दवा उपलब्ध कराने तथा छूटे हुए आयुष्मान कार्डों को बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सकों को अस्पताल में मरीजों के साथ तथा अन्य स्टॉफ को शालीनता पूर्वक व्यवहार करने हेतु निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों ओपीडी आईपीडी, दवा वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, लैब, एक्स रे कक्ष, प्रसव कक्ष, औषधि भण्डार गृह एवं कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से मिलकर उन्हे प्राप्त हो रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं एनीमिया से बचाव हेतु चिकित्सक के सलाह अनुसार नियमित रूप से आयरन एवं फोलिक एसिड दवा का सेवन करने हेतु कहा।


सीएचसी में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते सीएमएचओ।



### पुसौर में शांतिपूर्ण माहौल में खेली गई होली

**पुसौर।** पुसौर तहसील में रंगों का पर्व होली शांति और उल्लास के साथ मनाई गई। छुटपुट घटनाओं को छोड दे तो ब्लाक के डेढ सौं से अधिक गांव में किसी तरह की अप्रिय घटना अथवा परिस्थिति नहीं बनी। होली पर्व पर तहसीलदार नेहा उपाध्याय के अगुवाई में पुसौर के चौक चौराहों में गश्त लगाई गई वहीं अपनी जबाबदारी के प्रति जागरूक थाना प्रभारी आर के बंजारे ने अपनी टीम के साथ समूचे क्षेत्र का दौरा किया जिससे पुलिसिया चाक चैबंध व्यवस्था की झलक देखी गई। इसी क्रम में बीएमओ डा. विनोद नायक के मुताबिक होली से संबंधित किसी तरह की घटना नहीं हुई जबकि पुरा स्वास्थ्य अमला परिस्थितियों से निपटने अलर्ट मोड में था। इस तरह पुसौर क्षेत्र की जनता ने होली का उत्सव पारंपरिक और सौहार्द्रपुर्ण ढंग से मनाया गया।

## भाजपा का प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित राजनैतिक पार्टी है।यहां हमेशा से कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन पार्टी करती रहती है ताकि कार्यकर्ताओं की कार्यशैली पार्टी विचारधारा के अनुरूप बनी रहे और वे जनता के सहयोग के लिए सदैव उदार बने रहें। इसी विचारधारा की ताकत के बलबूते आज भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है साथ ही कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं जनता के आशीर्वाद से ही देश में 10 साल तक केंद्र में रहकर मोदी के नेतृत्व में जनता की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है।

समूचे राष्ट्र में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है, भाजपा कार्यकर्ता मोदी जी के गारंटी को लेकर घर घर जा रहे है, कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है की मोदी के कार्यों से जनता संतुष्ट है और तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में एन डी ए की सरकार बननी जा रही है। विगत दिनों हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के कलस्टर प्रभारी बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन करने का आह्वान किया था। लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने बताया की अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही इस सम्मेलन की शुरुवात हो जाएगी। सम्मेलन व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रत्येक विधानसभा के लिए प्रभारी बनाए गए है एवं सम्मेलन की तिथि निर्धारित की गई है। विधानसभा रायगढ़ का सम्मेलन सोमवार 1 अप्रैल को निर्धारित है यहां के प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला है। विधानसभा खरसिया का सम्मेलन मंगलवार 2 अप्रैल को निर्धारित है यहां मुख्य वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम रहेंगे, यहां के प्रभारी महेश साहू को बनाया गया है। विधानसभा लैलूंगा का सम्मेलन बुधवार 3 अप्रैल को निर्धारित है यहां के प्रभारी सत्यानंद राठियाहै। विधानसभा धरमजयगढ़ का सम्मेलन गुरुवार 4 अप्रैल को होगा यहां के प्रभारी जिला भाजपा के मंत्री नरेश पंडा है। विधानसभा जशपुर का सम्मेलन शुक्रवार 5 अप्रैल को होगा यहां के प्रभारी श्रीमती शांति भगत है।



## लेक्रास नेशनल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी आगरा रवाना

**रायगढ।** मंत्री व नगर विधायक ओपी चौधरी ने अपने जनदर्शन में पुसौर से दर्जन भर युवतियों की बाते सुनने के बाद तत्काल जिलाधीश कार्तिकेय गोयल से मोबाइल में चर्चा करते हुए खिलाड़ियों को आगरा में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए आवश्यक खर्चों का प्रबंध करने का निर्देश दिया था। जिसपर जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समुचित प्रबंध किया और यह टीम मंगवालर को आगरा में होने वाले चैंपियन शिप में भाग लेने रवाना हो पाई। गौरतलब है कि नगर विधायक ओपी चौधरी पूर्व में कलेक्टर रहते हुए प्रशासनिक अनुभव के मद्देनजर वे बेहतर समझते है कि कौन सा कार्य हो सकता है या कौन सा कार्य नही हो सकता। लेक्रास नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु टीम के खिलाड़ी जन दर्शन हेतु रायगढ़ आए और तत्काल उनकी समस्या का निराकरण भी हो गया।

## बीजेपी के लोस प्रत्याशी राधेश्याम का सारंगढ़ में जनसंपर्क

**रायगढ़।** तीन जिलों के समावेश वाले रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से ही राधेश्याम राठिया का सघन जनसंपर्क चल रहा है। प्रतिदिन चार पांच मंडलों के कई ग्रामों में जाकर जनता के बीच मोदी के विकास कार्यों का बखान राठिया कर रहे है साथ ही प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर पार्टी के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय दे रहे है।

आज उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा की मैं जनता को जनार्दन मानकर सेवा के लिए संकल्पित हूंए यह मेरा सौभाग्य है की मुझे आप जैसे देवतुल्य जनता को सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। मोदी के नेतृत्व में सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए आपका जनप्रतिनिधि बनकर पूरी श्रद्धा के साथ कार्य करने के लिए मैं हमेशा वचनबद्ध रहूंगा। सारंगढ़ क्षेत्र के बटाउपाली ग्राम में राधेश्याम राठिया के जनसंपर्क के दौरान ग्राम की कई महिला समितियों की सदस्यों ने मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राधेश्याम राठिया ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है, अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार तीन विषयो को आधार मानकर काम करती है। हर गरीब तक सरकार की योजनाओं को पहुंचानाए देश की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना देश का परचम, विश्व भर में लहराना।

उन्होंने कहा कि केंद्र में जब मोदी की सरकार बनी तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार होगी और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर तबके के लोगों को मिले इस दिशा में कार्य करेगी।



## गौरीशंकर मंदिर में खेली गई फूलों की होली

**रायगढ़।** होली के पावन शुभ अवसर पर इस बार गौरी कला समिति के सदस्यों ने गौरीशंकर मंदिर में जिसमे शनिवार 23 मार्च की रात्रि 8 बजे से फाग महोत्सव का अनूठा आयोजन किया गया, फाग और होली के गीत भजन गाए गए तथा उपस्थित समस्त जनों द्वारा फूलों की होली खेली गई। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद कला मर्मज्ञ जगदीश मेहर ने अपनी हिंदी और छत्तीसगढ़ी गायन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। राजीव गुप्ता ने अनूठे अंदाज में बाबा श्याम के और राधा कृष्ण के होली भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक किशन अग्रवाल ने जोशीले अन्दाज में बाबा श्याम और भोले शंकर के भजनों पर वहां उपस्थित कीर्तन प्रेमियों को झूमने और नाचने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक संजय मिरानिया ने भी राधा कृष्ण और शंकर जी के भजन प्रस्तुत किए। गायन के साथ वादन में चुलेश्वर मालाकार, शनि साहू, हंसराम मालाकार, हितानारायण बरेठ और रामायण सिंह का सहयोग रहा कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल, राजेश थवाईत, ओमी अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अशोक सोनी, भीमसेन मिरानिया, गुलाब चंद मिरानिया व नंदकिशोर अग्रवाल मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में शहर के दूर दराज तक के भजन प्रेमी उपस्थित थे।



## छात्रसंघ ने कालेज में पानी और हवा व्यवस्थित करने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के डिग्री कालेज में विद्यार्थियों से जुडी समस्याओं पर कालेज प्राचार्य को अवगत कराने पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कड़ी धूप में शासकीय महाविद्यालय रायगढ़ के गेट पर बैठकर प्रिंसिपल का इंतजार कर रहे थे वर्तमान में जिले के व विश्विद्यालय के अग्रणी महाविद्यालय डिग्री कॉलेज में एक पाली में लगभग 1000 छात्र परीक्षा देने आ रहे है ऐसी पंखे लाइट व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं न होने के कारण से छात्रो को परेशान होना पड़ रहा था जिसको लेकर गुरुवार को ज्ञापन सौंपने वाली थी पर 11 बजे जब छात्र नेता महाविद्यालय पहुँचे तो प्राचार्य के चैम्बर में ताला लटका नजर आया। छात्र नेताओं ने प्रीसिपल से मोबाइल पर संपर्क कर समय मांगा किंतु दो घंटे बाद कालेज आने का आश्वासन मिलने के बावजूद प्राचार्य समय पर कालेज नहीं पहुंची और छात्र संघ प्राचार्य कक्ष के बाहर उनकी प्रतीक्षा में बैठा रहा।

काफी देर के बाद प्राचार्य जब कालेज पहुंची तो छात्र संघ ने महविद्यालय में पेयजल की व्यवस्था, क्लास रूम में पंखे, शौचालय की सफाई, छतों में सिपेज की समस्या से अवगत कराते हुए इसे शीघ्र दुरूस्त करने की मांग की।

